**बिहार सरकार,**
**बिहार कौशल विकास मिशन,**
**श्रम संसाधन विभाग**

## आदेश

दिनांक–13.10.2017 को मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन तथा मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन के द्वारा संयुक्त रूप से जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0, के सोना मार्केट, नया गाँव, सारण अवस्थित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP Code 08020057 का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय यह केन्द्र प्रशिक्षण हेतु बंद पाया गया । केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र समन्वयक के द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र पर अभी कुल 90 प्रशिक्षणार्थी नामांकित हैं तथा दिनांक–9.10.2017 के प्रभाव से सर्वर क्रैस होने के कारण इस प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण बाधित है । पूछताछ के क्रम में केन्द्र समन्वयक के द्वारा यह बताया गया कि सर्वर क्रैस होने की सूचना उनके द्वारा संस्था के Owner को दे दी गयी है, लेकिन अभीतक उनके द्वारा सर्वर को ठीक कराने की कोई कार्रवाई नहीं की गयी है, जिसके कारण प्रशिक्षण बाधित है । केन्द्र पर उपस्थित केन्द्र समन्वयक के द्वारा क्लास रूम सत्र को निर्वाध रूप से नहीं चलाये जाने के बिन्दु पर कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया जा सका ।

निरीक्षण में पाये गये कमियों के आधार पर बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या– BSDM/SDM-18/2017-831 दिनांक–17.10.2017 के द्वारा निदेशक, जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0 से स्पष्टीकरण की माँग की गयी । इस स्पष्टीकरण में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित था कि स्पष्टीकरण का जवाब निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में एजेंसी को कोई स्मार पत्र नहीं दिया जायेगा तथा संस्था के विरुद्ध विधिसम्मत अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी ।

निर्धारित समय सीमा व्यतीत हो जाने के पश्चात भी निदेशक, जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0 सोना मार्केट, नया गाँव, सारण के द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण का कोई जवाब नहीं दिया गया, जो यह प्रमाणित करता है कि एजेंसी के द्वारा इस संबंध में कुछ नहीं कहना है ।

अतः कौशल प्रशिक्षण केन्द्र, सोना मार्केट, नया गाँव, सारण KYP Code 08020057 के संचालक एजेंसी जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0 को केन्द्र के संचालन में कोताही बरतने, 4 दिनों से सर्वर क्रेस होने के पश्चात भी बिहार कौशल विकास मिशन के सक्षम प्राधिकार को इसकी सूचना नहीं देने तथा इस दौरान क्लास रूम सेशन को भी बाधित करने के प्रमाणित आरोपों के लिए कठोर चेतावनी निर्गत की जाती है, साथ हीं उनके इस केन्द्र के माह अक्टूबर बैच के Final Invoice से 40% की राशि कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत की जाती है कि भविष्य में यदि इस केन्द्र के संचालन में किसी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो इस केन्द्र पर छात्रों का नामांकन अवरुद्ध कर दिया जायेगा तथा नामांकित छात्रों का प्रशिक्षण समाप्त होने के पश्चात इसे स्थायी रूप से बंद कर दिया जायेगा ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2016– 57 पटना,दिनांक– 15/1/2018

प्रतिलिपि– (1) श्री सुजीत कुमार, निदेशक, जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0, सोना मार्केट, नया गाँव, सारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/ मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित्त को आदेश दिया जाता है कि वे जिज्ञासा एडुकेशनल सर्विसेस प्रा0लि0 के सोना मार्केट, नया गाँव, सारण अवस्थित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र KYP Code 08020057 के माह अक्टूबर बैच के Final Invoice से 40% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें । मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे इस आदेश की प्रति को सभी SDC/BSDC को परिचारित करना सुनिश्चित करें ।

(3) Project Director, MKCL/ Project Director, SPMU(E&Y)/ SPMU Incharge, सारण/ श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक,MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/कराना सुनिश्चित करें ।

15/1/18

प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।